# Social Security - (1)

## सामाजिक सुरक्षा धारणा (Concept of Social Security)

सामाजिक सुरक्षा धारणा से अर्थ सामाजिक सुरक्षा के अर्थ से लगाया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के संबंध में अनेक विद्वानों ने अनेक परिभाषाएं दी हैं जो निम्न प्रकार हैं:

(1) जी० डी० एच० कोल के अनुसार, "सामाजिक सुरक्षा से अर्थ यह है कि सरकार समस्त नागरिकों के लिए न्यूनतम जीवन-स्तर प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगी। इसमें एक व्यक्ति के जन्म से लेकर मरण तक की सभी मुख्य आकस्मिक घटनाएँ सम्मिलित होती हैं।"

(2) फ्रांसीसी लेखक के मत में "सामाजिक सुरक्षा में रोजगार की सुरक्षा, आय की सुरक्षा व कार्य की सुरक्षा शामिल है।

(3) वी० वी० गिरि की राय में, "सामाजिक सुरक्षा के अन्तर्गत राज्य जोखिम के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जिसके करने के लिए मनुष्य व्यक्तिगत रूप से साधन के अभाव के कारण असमर्थ रहता है।"

(4) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार " सामाजिक सुरक्षा से

Scanned by CamScanner

अर्थ उस सुरक्षा से है जिसे समाज अपने सदस्यों को, उपयुक्त संगठन के माध्यम से उन निश्चित जोखिमों के विरुद्ध करता है, जिनके शिकार उसके सदस्य कभी भी हो सकते हैं।"

उपर्युक्त परिभाषाओं से यह निष्कर्ष निकलता है कि (i) सामाजिक सुरक्षा का उत्तरदायित्व सरकार या समाज होता है। (ii) यह सुरक्षा रोजगार, आय या कार्य से सम्बन्धित होती है। (iii) यह सुरक्षा जोखिमों के विरुद्ध होती है। इस प्रकार सामाजिक सुरक्षा उन आकस्मिक संकटों दुर्घटनाओं एवं कठिनाईयों से होने वाली जोखिम से बचाने का एक प्रयास है जिनकी संभावनाएँ मानव जीवन में बनी रहती है। यह सुरक्षा सरकार या सामाजिक संगठन द्वारा प्रदान की जाती है।"

सामाजिक सुरक्षा एक व्यापक शब्द है। इसमें सामाजिक बीमा (Social insurance) व सामाजिक सहायता (Social Assistance) दोनों ही शामिल हैं।

Thank you.

Scanned by CamScanner